दिनांकः 10.06.2024 समय : 01:00 पी.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

श्री नरेन्द्र मोदी ने आज तीसरी बार प्रधानमंत्री पद का कार्यभार संभाल लिया है। कार्यभार संभालने के बाद उन्होंने पीएम किसान सम्मान निधि की 17वीं किश्त जारी करने की मंजूरी देने वाली पहली फाइल पर हस्ताक्षर किए। इसके तहत नौ करोड़ तीस लाख किसानों को करीब बीस हजार करोड़ रुपये दिये जाएंगे। श्री मोदी ने कहा कि नई सरकार का उनका पहला निर्णय किसान कल्याण के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

....

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तीसरी बार शपथ लेने के बाद विश्व नेताओं को उनके बधाई संदेश के लिए धन्यवाद दिया है। सोशल मीडिया पर श्री मोदी ने कनाडा, फिनलैंड, स्लोवेनिया और युगांडा सहित अन्य देशों के राष्ट्राध्यक्षों से मिले संदेशों का जवाब दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि वे सभी देशों के साथ मिलकर काम करने को उत्सुक हैं।

....

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जम्मू–कश्मीर में तीर्थ यात्रियों की बस पर हुए हमले में मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। मृतकों में चार लोग जयपुर जिले के हैं। उन्होंने हमले में घायल हुए लोगों के जल्द स्वस्थ होने की भी कामना की। श्री शर्मा ने अपने सोशल मीडिया संदेश में कहा कि राज्य सरकार इस कठिन समय में हमले में प्रभावितों के साथ पूरी प्रतिबद्धता के साथ खड़ी है। उन्होंने अधिकारियों को जम्मू–कश्मीर के अधिकारियों और स्थानीय प्रशासन के सहयोग से दिवंगतों के पार्थिव शरीर परिजनों तक पहुंचाने के लिए निर्देश दिये। गौरतलब है कि कल शाम जम्मू–कश्मीर के रियासी जिले में यात्रियों को ले जा रही एक बस पर हुए आतंकवादी हमले में दस लोगों की मौत हो गई थी। दुर्घटना में 33 अन्य लोग घायल हो गये। ये बस कटरा से शिवखोडी जा रही थी। सुरक्षा बलों ने घटना की जांच के लिए आज से एक जांच अभियान शुरू किया है।

....

मुख्यमंत्री ने आज नई दिल्ली में 'राजस्थान हाउस' के पुनर्निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को पुनर्निर्माण कार्य में तेजी लाने और तय समय सीमा में काम पूरा करने के निर्देश दिये।

....

राजस्थान पुलिस स्थापना दिवस के उपलक्ष में आज से प्रदेशभर में आयोजन शुरू हो रहे हैं। कार्यक्रमों की शुरुआत रक्तदान शिविर, पौधरोपण और साफ–सफाई से हुई। जयपुर के जवाहर सर्किल स्थित पत्रिका गेट पर आज शाम 7 बजे से पुलिस बैंड का प्रदर्शन किया जाएगा। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा 12 जून को राजस्थान पुलिस अकादमी में परेड का निरीक्षण करेंगे। अजमेर में भी आज सुबह पौधरोपण, रंग रोगन और सफाई अभियान चलाया गया। शाम को खेल प्रतियोगिताएं होंगी। कल सुबह पुलिस लाइन से रीजनल कॉलेज तक साइकिल रैली निकाली जाएगी और रक्तदान शिविर का आयोजन होगा। 12 जून को जवाहर रंगमंच पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ तीन दिवसीय पुलिस स्थापना दिवस कार्यक्रम का समापन होगा। झुंझुनूं जिले में जिला पुलिस अधीक्षक राजर्षि राज वर्मा ने सूचना केंद्र सभागार में यातायात प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। प्रदर्शनी के जरिए आमजन को यातायात नियमों और सुरक्षित परिवहन की जानकारी दी जा रही है। श्री वर्मा ने बताया कि पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार आज से 12 जून तक राजस्थान पुलिस दिवस के उपलक्ष में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

इस समारोह का उद्देश्य पुलिस कर्मियों के योगदान को सम्मानित करना और समाज में उनके महत्व को उजागर करना है। गौरतलब है कि राजस्थान पुलिस स्थापना दिवस 16 अप्रैल को मनाया जाता है। इस बार लोकसभा चुनाव की आचार संहिता के चलते इसे अब मनाया जा रहा है।

....

प्रदेश में 20 से 25 जून के बीच मॉनसून के दस्तक देने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार इससे पहले इसी सप्ताह प्री मॉनसून की बारिश का दौर शुरू हो जाएगा। इस बीच, पिछले 24 घंटों में विभिन्न स्थानों पर आंधी और बारिश का दौर चला। पूर्वी इलाकों में कहीं–कहीं कल हल्की बारिश हुई। वहीं पश्चिमी राजस्थान में कुछ स्थानों पर आंधी चली। कई जगह तापमान में बढोतरी भी दर्ज की गयी है। अधिकतर स्थानों पर पारा 42 डिग्री सेल्सियस के आस–पास रिकॉर्ड हुआ। सबसे ज्यादा 43 दशमलव 7 डिग्री सेल्सियस तापमान जालौर में रहा। मौसम विभाग ने आज जोधपुर, कोटा और उदयपुर संभाग में कहीं–कहीं हल्की बरसात की संभावना व्यक्त की है।

....